प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 14.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- सट्टे की खाई बाडी करते हुये 03 आरोपी गिरफ्तार थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा अलग-2 स्थानो से दिनांक 13.04.2024 की रात्रि को उ0नि0 मोहित कुमार द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी धर्मसिंह पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम जिगनिया थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को सट्टे की खाई-बाडी करतें हुये एक डायरी,एक पेन्सिल, 450/- रूपये के साथ व उ0नि0 प्रशान्त सिंह द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी अली अहमद पुत्र कल्लन निवासी ग्राम जिगनिया थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुये एक कॉपी,एक कलम, 215/- रूपये के साथ तथा उ0नि0 मिश्री लाल द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी इन्दल पुत्र लाखन निवासी ग्राम जिगनिया थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुये एक डायरी, दो कलम, 425/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना सोनकपुर पर आरोपी धर्मसिंह उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 39/2024 धारा-13 जुआ अधिनियम, व आरोपी अली अहमद उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-40/2024 धारा-13 जुआ अधिनियम, एवं आरोपी इन्दल उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-41/2024 धारा-13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया ।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध स्मैक के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना मैनाठेर:-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.04.2024 उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा आरोपी अकरम पुत्र असलम निवासी मौहल्ला रहमतनगर करूला थाना कटघर जनपद मुरादबाद को अवैध 60 पुडिया स्मैक 33.25gm मय मोटर साईकिल स्पलैन्डर व स्मैक बिक्री के दौ सौ पचास रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मैनाठेर पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 123/2024 धारा- 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ा:-

अवगत कराना है कि दिनांक 11.04.2024 को वादी निवासी क्षेत्रान्तर्गत थाना पाकबड़ा ने आरोपीगण द्वारा एक राय होकर वादी के साथी के साथ उधार के रुपयो को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट करना जिससे सिर में गम्भीर चोट आना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0- 121/2024 धारा- 323/308/504/506/34 भादवि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यो के आधार पर आज दिनांक 14.04.2024 को उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी इरफान पुत्र मकसूद, निवासी ग्राम युसुफपुर नगलिया थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4- मदरसे में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के 05 आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 14.04.2024 को वादी क्षेत्रान्तर्गत थाना भगतपुर ने आरोपीगण द्वारा एक राय होकर दीवार कूदकर मदरसे में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0- 111/2024 धारा- 147/323/504/506/458 भादवि0 पंजीकृत किया गया । साक्ष्यो के आधार व विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14.04.2024 को उ0नि0 ब्रजकिशोर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1.फईम अहमद पुत्र सफीक अहमद, 2.अलीम अहमद पुत्र सफीक अहमद, 3.शकील पुत्र मौ0 नवी, 4.मोवीन पुत्र रहीस, 5. मौ0 मोसिम अहमद पुत्र रहीस अहमद निवासीगण ग्राम जाहिदपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

5- अवैध तमंचा-कारतूस व चाकू के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 14.04.2024 की रात्रि में उ0नि0 ओम शुक्ला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी आबुल हसन पुत्र महबूब उर्फ पतले निवासी ग्राम बरबारा मझरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ तथा आरोपी यामीन उर्फ छोटे पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी बरवाला मजरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर आरोपी आबुल हसन उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 171/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व आरोपी यामीन उर्फ छोटे उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-174/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।